# नेतरहाट आवासीय विद्यालय,नेतरहाट

सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय

संबद्धता संख्या – 3420006, विद्यालय संख्या – 69558

*(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटी निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एवं स्वायत्तशासी संस्था एच.ई.सी., एम.डी.आई भवन, धुर्वा, राँची–834004, निबंधन संख्या : 688/2009–2010 के द्वारा संचालित)*

## नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2024–25

विज्ञापन संख्या – 1696 दिनांक – 19.7.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की कक्षा – 6 में 10 से 12 वर्ष उम्र के स्वस्थ बालकों के सत्र–2024–25 में नामांकन हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैं:–

1. प्रवेश परीक्षा एक स्तरीय होगी जो दो पालियों (2–2 घंटे की) में प्रमंडल स्तर पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार राज्य में लागू आरक्षण व्यवस्था के आलोक में प्रथमतः 150 चयनित छात्रों की शारीरिक जाँच करायी जायेगी जिसमें स्वास्थ्य के साथ उम्र की भी जाँच की जायेगी। **उम्र के निर्धारण में मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।** तत्पश्चात शारीरिक जाँच में सफल छात्रों में से मेधा क्रमानुसार एवं आरक्षण व्यवस्था के अनुरूप अंतिम रूप से चयनित **100 (एक सौ)** छात्रों का नामांकन **सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात** लिया जायेगा।

2. प्रवेश परीक्षा आवेदन कार्यक्रम :–

| क्रम सं0 | विवरणी | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञप्ति/आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ | **22.07.2024** |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुँचने की अंतिम तिथि | **31.08.2024** |
| 3. | ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | **15.09.2024 से प्रारंभ** |
| 4. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | **29.09.2024 (रविवार)** |

3. **प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यताएँ/शर्ते निम्नांकित हैं :–**

(क) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ख) 01 अगस्त 2024 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक–**01.08.2012 से 31.07.2014** के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ शामिल)। सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ग) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा – 5 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके प्रमाण स्वरूप अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कक्षा – 5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।

(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षित वर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र यथाः–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ड.) **उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन स्वतः रद्द माना जाएगा।** ध्यातव्य हो कि नामांकन के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति को उपस्थापित करना अनिवार्य होगा।

4. **सामान्य निर्देशः–**

(i) **प्रवेश परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् हैः–**

| प्रथम पाली ( 10:00 पूर्वाह्न से 12:00 अपराह्न ) | | | |
|---|---|---|---|
| | **विषय** | **अंक** | **प्रश्न स्वरूप** |
| **प्रश्नपत्र–1 (100 अंक)** | हिन्दी | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| | गणित | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| **द्वितीय पाली ( 01:00 अपराह्न से 03:00 अपराह्न )** | | | |
| | **विषय** | **अंक** | **प्रश्न स्वरूप** |
| **प्रश्नपत्र–2 (100 अंक)** | मानसिक योग्यता | 30 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| | विज्ञान | 35 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 15 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक |
| | सामान्य ज्ञान | 35 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 15 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक |
| | **कुल अंक** | **200** | |

(ii) **लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी जिनकी सूची निम्नवत् है :–**

| प्रमण्डल | प्रमण्डल मुख्यालय | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खूँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाँचवीं कक्षा तक का होगा।

(iv) यह सूचना नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।

(v) आवेदन जमा करने की विधि : आवेदन online एवं offline मोड में उपलब्ध हैः–

a) Online Mode:- विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर Online आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर Online आवेदन के दिशा–निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

b) Offline Mode:- आवेदन हेतु आवेदन पत्र नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com से डाउनलोड कर सुलभ रूप से प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः सभी अनुलग्नकों यथा– स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/ आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित वर्ग के हों), कक्षा–5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वाभिप्रमाणित प्रति को **स्पीड पोस्ट के माध्यम से** इस प्रकार भेजें कि आवेदन निम्न पते पर दिनांक – 31.08.2024 को शाम–5:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाए। आवेदक भरा हुआ आवेदन हाथों–हाथ भी उक्त तिथि तक निम्न पते पर जमा कर सकते हैं। दिनांक – 31.08.2024 के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र भेजने/जमा करने का पता :–

**प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पोस्ट–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218**

(vi) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये प्रमाण पत्रों में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

(vii) ***आवेदन शुल्क :– आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है।***

(viii) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के वेबसाइट **www.netarhatvidyalaya.com** पर समय–समय पर उपलब्ध रहेगी। प्रवेश परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में दूरभाष संख्या **6201750193** पर कार्यदिवसों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

19/07/24

प्राचार्य

नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नेतरहाट